न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामगढ़ पचवारा जिला दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए।
	भूली बेवा सुक्खा बनाम [illegible] 11/2..	
[illegible]-7-25	पत्रावली पेश हुई। [illegible] फरीकैन तलब। पत्रावली का अवलोकन किया। अप्रार्थी गंगासहाय पुत्र सुक्खा जाति बैरवा निवासी सलेमपुरा [की ओ]र से श्री अरविन्द जोशी अधिवक्ता ने वकालतनामा पेश किया [व] मोतीलाल, नैहनुराम, सोनीराम, रामधन, हीरालाल की ओर से [श्री राम]बाबू शर्मा अधिवक्ता ने दिनांक 22.7.22 को वकालतनामा पेश किया था। जो शामिल पत्रावली है।	

नाथू पुत्र सुक्खा जाति बैरवा के वारिसों की ओर से प्रार्थना पत्र बाबत कायम मुकामान मय वकालतनामा श्री अरविन्द जोशी अधिवक्ता ने दिनांक 12.06.25 को प्रस्तुत किया। जो शामिल मिसल किया गया।

वकील अप्रार्थीगण श्री रामबाबू शर्मा अधिवक्ता ने निवेदन किया कि प्रा0पत्र के मद न0 2 के अनुसार भूली बेवा सुक्खा द्वारा दिनांक 4.8.99 को अपंजीकृत इकरारनामें के माध्यम से मोतीलाल, ग्यारसा, श्योनारायण, नैहनुराम पिसरान कालू को हिस्सा 1/2 आराजी का अवैध बेचान कर दिया। जिसका प्रतिफल 03–03 लाख केताओ से प्राप्त कर लिया और साक्ष्य के रूप इकरारनामें की छाया – प्रति संलग्न करना निवेदन किया है।

पत्रावली के अवलोकन से यह पाया गया कि भूली के इन्तकाल प्रमाण – पत्र दिनांक 18.1.11 के आधार पर विरासत का नामान्तरकण गंगा सहाय , नाथुलाल पिसरान सुक्खा के हक में नामान्तरकरण सं0 582 दिनांक 23.8.16 से स्वीकार किया जाकर राजस्व रिकॉर्ड में अमल किया गया। जो वर्तमान खातेदार है।

पत्रावली के अवलोकन से प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि तहसीलदार राहूवास ने प्रा0पत्र के साथ आधारभूत दस्तावेजात इकरारनामा दिनांक 4.8.99 पेश नही किया। जो एक अहम दस्तावेज है।

अतः हमारे विनम्र अभिमत में मुस्समात भूली देवी द्वारा उक्त आराजीयात मुतनाजा ख0न0 46 रकबा 2.5300 है0 (साबिक नं0 20/2 रकबा 10 बीघा) वाके ग्राम सलेमपुरा का विधि विरूद्ध तरीके से बेचान कर राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 42 का उल्लघन किया जाना सिद्ध नही होता।

अतः प्रा0पत्र खारिज किया जाता है। तहसीलदार राहूवास आधारभूत दस्तावेजों के साथ पुनः नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तक्मील दाखिल दफ्तर हो।

उप जिला कलक्टर एवं
उप जिला मजिस्ट्रेट
रामगढ़ पचवारा (दौसा)